पंजाब केसरी 06-03-2024

क्विज प्रतियोगिता में पूर्वांश शर्मा, प्रभु सिमरन कौर, कल्पना की टीम रही प्रथम

अम्बाला, 5 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में मैनेजमैंट विभाग द्वारा मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

क्विज में पूर्वांश शर्मा, प्रभु सिमरन कौर, कल्पना की टीम ने प्रथम स्थान, तनु शर्मा, श्रुति शर्मा, संजना की टीम ने द्वितीय स्थान और गुरसिमर, मनोरमा अनुपमा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. अमिता ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले सभी टीमों की स्क्रीनिंग करवाई गई। जिन टीमों ने स्क्रीनिंग में अच्छा प्रदर्शन किया, उनका प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सह संयोजिका डा. रवनीत कौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ वैलकम स्पीच देकर किया।

मैनेजमैंट विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां मिलती हैं। विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में अच्छी तैयारी कर पूरे जोश के साथ भाग लेना चाहिए।



गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित क्विज में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)